साबुन का उत्पादन कर रहे थे। इन एककों और उनके मालिकों के नाम सरकार द्वारा नहीं रखे जाते। तीन एकक मे० विक्को लेबोरेटरीज, बम्बई, मे० केमी क्लीन (इण्डिया प्रा० लि०, नई दिल्ली, और मे० ग्लोव कास्मेटिक्स, रोहतक लघु क्षेत्र में टूथ पेस्ट का उत्पादन कर रहे हैं। इन एककों के मालिकों के नाम तत्काल उपलब्ध नहीं हैं। लाण्ड्री और टायलेट साबुन तथा टूथ पेस्ट जैसी वस्तुओं पर मूल्य नियन्त्रण नहीं है।

(ख) साबुन के उत्पादन में एकाधिकार नहीं है।

(ग) प्रश्न ही नहीं उठता।

(घ) साबुन और टूथ पेस्ट के उत्पादन का प्रशिक्षण देने हेतु प्रशिक्षणशाला खोलने का फिलहाल कोई प्रस्ताव नहीं है।

(ङ) प्रश्न ही नहीं उठता।

**सुन्दर डाकू की मृत्यु के बारे में जांच**

346. **श्री चतुर्भुज** : क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दिल्ली में सुन्दर डाकू की मृत्यु के बारे में चल रही जांच के सम्बन्ध में अब तक क्या प्रगति हुई है ; और

(ख) यह जांच संभवतः कब तक पूरी हो जायेगी ?

**गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री धनिक लाल मण्डल)** : (क) और (ख) जांच पूरी करने के पश्चात केन्द्रीय जांच ब्यूरो ने दिल्ली पुलिस के 13 पुलिस कर्मचारियों के विरुद्ध भारतीय दण्ड संहिता की धारा 120—ख के साथ पठित धारा 302, 302, 302 /34 और 193/218 के अधीन तारीख 9—8—1977 को दिल्ली के चीफ मैट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट के न्यायालय में अभियोग पत्र दायर किया था। अभियुक्तों का 24—12—77 को सेशन सुपुर्द किया गया था और सेशन न्यायालय ने 21—1—1978 को उनके विरुद्ध आरोप लगाए थे। अभियोग पक्ष के गवाहों के साक्ष्य दर्ज करने के लिए सुनवाई की अगली तारीख 27—2—1978 निश्चित की गई है।

**सेंसर नियम**

347. **श्री यज्ञदत्त शर्मा :**
**डा० लक्ष्मीनारायण पांडेय :**

क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या फिल्म सैंसर बोर्ड को हाल ही में ऐसी शक्तियां दी गई हैं जिसके अनुसार वह फिल्मों में उन दृश्यों को दिखाने की अनुमति दे सकता है जो भारतीय समाज में आपत्तिजनक माने जाते हैं; और

(ख) यदि हां, तो ऐसी शक्ति दिये जाने के क्या कारण हैं ?

**सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री लाल कृष्ण अडवाणी)**: (क) जी, नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

फिल्म संसर बोर्ड को हाल में जारी किए गए मार्गदर्शी सिद्धान्तों की एक प्रति सभा पटल पर रख दी गई है। [ग्रन्थालय में रखा गया। देखिए संख्या एल०—टी—/—78]। इसे यह देखा जा सकेगा कि प्रमाणीकरण करने के लिए फिल्मों की जांच करते समय बोर्ड को यह सुनिश्चित करना होगा कि वे हमारे समाज के मूल्यों और मानकों के प्रति उत्तरदायी रहे और ऐसे आपत्तिजनक दृश्य नहीं दिखाए जाए जिनमें अशिष्टता, अश्लीलता और भ्रष्टता

का चित्रण हो या जो जातीय, धार्मिक और इसी प्रकार की अन्य संवेदनशीलता को क्षेब्ध करे ।

**Plan to double Power Production**

348. SHRI M. RAM GOPAL REDDY:
SHRI HARGOVIND VERMA:

Will the Minister of ENERGY be pleased to state:

(a) whether Government have prepared any plan to double power production in the country; and

(b) if so, the main features thereof?

THE MINISTER OF ENERGY (SHRI P. RAMACHANDRAN): (a) and (b). The Government has not prepared any plan to double power production in the country within a specific time frame. However, a tentative programme has been prepared for augmenting generating capacity during the next 5 years based on the projections of Tenth Annual Power Survey. The demand projections of the Tenth Annual Power Survey and the corresponding requirements of installed generating capacity would have to be reviewed in the light of the strategy to be adopted for overall economic development. The main thrust of the Government's future programme will be to accelerate the power development by doubling the existing generating capacity in about seven years.

**Film Censorship Machinery**

349. SHRI M. RAM GOPAL REDDY: Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING be pleased to state:

(a) whether film censorship machinery is still in the hands of bureaucrats and the Government has been urged to completely divorce it from Governmental authority and equip it with professionals; and

(b) if so, the reaction of the Government thereon?

THE MINISTER OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRI L. K. ADVANI): (a) and (b). It is not a fact that the film censorship machinery is in the hands of bureaucrats. In accordance with the provisions of the Cinematograph Act, 1952 and the rules made thereunder, all films presented for censorship are dealt with by the prescribed authority after they are seen by examining committes and, in some cases, by revising committees of the Board of Film Censors which consist predominantly of non-officials.

A suggestion to the effect that censorship activity should be completely divorced from Governmental authority has been seen. Consistent with the Government's responsibility in the matter of films, this proposal is not acceptable.

**भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड भोपाल के कर्मचारियों के लिए मकान किराया भत्ता**

350. श्री मदन तिवारी : क्या उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारत हैवी इलैक्ट्रिकलस भोपाल के प्रबन्धकों ने भोपाल, जिसे बी–1 श्रेणी का शहर घोषित किया गया है, में देय दर पर अपने कर्मचारियों को मकान किराया भत्ता देने की घोषणा की है ;

(ख) यदि हां, तो वह किस तारीख से दिया जाएगा ;

(ग) क्या यह तारीख वही तारीख है जब से भोपाल को सरकार द्वारा बी–श्रेणी का शहर घोषित किया गया है ; और

(घ) यदि नहीं, तो कर्मचारियों को मकान किराया भत्ता उस तारीख से न देने के क्या कारण हैं जब से भोपाल को बी–1 श्रेणी का शहर घोषित किया गया है ?

उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (कुमारी आभा मयती) : (क) जी, हां । भारत हैवी